# सचिव को हटाने के आदेश का ग्रामीणों ने किया विरोध

**08 अप्रैल को मिला था अतिरिक्त प्रभार, 06 मई 2026 को वापस लिया गया प्रभार**

## ग्रामीणों ने जताया ओछी राजनीति का अंदेशा, करीब 100 ग्रामीण पहुंचे कलेक्ट्रेट, 250 से अधिक ग्रामीणों पहुंचे

**सिवनी नवभारत।** जिले की केवलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बनाथर में सचिव के अतिरिक्त प्रभार को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिल रही है। पंचायत के वर्तमान अतिरिक्त प्रभार सचिव अरुण शांडिल्य को हटाए जाने की संभावना के बीच बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ के नाम ज्ञापन सौंपकर उन्हें यथावत बनाए रखने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अरुण शांडिल्य के चंद ही दिनों के कार्यकाल में पंचायत के कामों में तेजी आई है और लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान करीब 100 ग्रामीण मौजूद रहे, जबकि 250 से अधिक ग्रामीणों ने आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दर्ज कराया।

ग्राम पंचायत बनाथर के ग्रामीणों ने प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में बताया कि पूर्व सचिव लक्ष्मीप्रसाद ठाकरे के ब्रेन हेमरेज होने के कारण अवकाश पर चले जाने के बाद जिला पंचायत के आदेश पर 08 अप्रैल 2026 को भरवेली पंचायत के सचिव अरुण शांडिल्य को बनाथर पंचायत का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। लेकिन महज एक महीने के भीतर 06 मई 2026 को उनका प्रभार वापस लेने के आदेश जारी कर दिए गए, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है।

ग्रामीणों ने इस पूरे मामले में ओछी राजनीति और दबाव की आशंका जताई है। उनका कहना है कि जिस सचिव ने कम समय में पंचायत के कामों में गति लाई, योजनाओं को धरातल पर उतारा और ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण शुरू किया, उसे अचानक हटाया जाना समझ से परे है।

ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले पंचायत के कई विकास कार्य प्रभावित हो रहे थे और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय



पर नहीं पहुंच पा रहा था। लेकिन अरुण शांडिल्य के प्रभार संभालने के बाद पंचायत के कामकाज में सुधार आया है। पंचायत के निर्माण कार्य, शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन और ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण तेजी से होने लगा है।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया है कि 6 मई 2026 को जिला पंचायत कार्यालय से ग्राम पंचायत दुरेंदा के सचिव तोपेश्वर एड़े को अतिरिक्त प्रभार दिए जाने के आदेश जारी किए गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित सचिव करीब 25 किलोमीटर दूर क्षेत्र से आते हैं और वे सप्ताह में केवल एक दिन पंचायत पहुंचते हैं, जिससे वहां के ग्रामीण भी परेशान हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पंचायत और ग्रामीणों के हित को देखते हुए वर्तमान अतिरिक्त प्रभार सचिव अरुण शांडिल्य को ही यथावत रखा जाए, ताकि विकास कार्य लगातार जारी रह सकें और आम लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### प्रभावित होंगे पंचायतों के काम

ग्रामीणों ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि यदि नए सचिव को बनाथर पंचायत का प्रभार दिया गया तो पंचायत के काम प्रभावित होंगे और ग्रामीण इसका विरोध करेंगे। उनका कहना है कि बनाथर छह गांवों की बड़ी पंचायत है, जहां सक्रिय सचिव की आवश्यकता है। ज्ञापन सौंपने पहुंचे ग्रामीणों ने प्रशासन के सामने एकजुटता दिखाते हुए कहा कि पंचायत में वर्तमान में विकास कार्यों की गति बनी हुई है और यदि सचिव बदला गया तो इसका सीधा असर आम ग्रामीणों पर पड़ेगा। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत में सड़क, पानी, स्वच्छता, पेंशन, आवास और अन्य योजनाओं से जुड़े कार्य समय पर हो रहे हैं, जिससे लोगों को राहत मिली है।

# सेवानिवृत्ति के बाद भी शाखा प्रबंधक पद पर कायम

**सहकारिता विभाग चावड़ी में नियमों पर उठे सवाल, गेहूं खरीदी में सक्रिय भूमिका को लेकर चर्चा तेज**





**सिवनी नवभारत।** जिले के सहकारिता विभाग से जुड़ा एक मामला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। चावड़ी समिति में पदस्थ शाखा प्रबंधक राम लखन चंद्रवंशी की 30 अप्रैल 2026 को सेवानिवृत्ति होना तय थी, लेकिन आरोप है कि सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्हें पद से कार्यमुक्त नहीं किया गया और वे अब भी गेहूं खरीदी कार्य में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

मामले ने विभागीय कार्यप्रणाली और नियमों की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार नियमानुसार सेवा अवधि पूर्ण होने के बाद कर्मचारी को कार्यमुक्त किया जाना चाहिए, लेकिन इसके विपरीत शाखा प्रबंधक को जिम्मेदारी सौंपे जाने की बात सामने आ रही है। इससे विभागीय दस्तावेजों और प्रशासनिक प्रक्रिया को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं।

वर्तमान में जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य जारी है। ऐसे समय में एक सेवानिवृत्त कर्मचारी की सक्रिय भूमिका को लेकर स्थानीय स्तर पर कई सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि नियमों को दरकिनार कर सेवा अवधि के बाद भी पद पर बनाए रखा जाता है, तो इससे विभागीय पारदर्शिता प्रभावित होती है और शासन की व्यवस्था पर भी प्रश्नचिन्ह लगता है।

मामले को लेकर यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि विभागीय स्तर पर पूरे घटनाक्रम को दबाने का प्रयास किया गया, ताकि किसी प्रकार का विवाद सामने न आए। हालांकि अब तक जिम्मेदार अधिकारी इस विषय पर खुलकर कुछ भी कहने से बचते नजर आ रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने वाले शाखा प्रबंधक को किस आधार पर पद पर बनाए रखा गया? क्या इसके लिए कोई वैधानिक अनुमति ली गई या फिर यह केवल विभागीय व्यवस्था के नाम पर किया गया निर्णय है?

### प्रशासक ने कहा – आमसभा में 2 वर्ष बढ़ाया गया

इस संबंध में चावड़ी समिति के प्रशासक रवि सरयाम ने बताया कि आमसभा की बैठक में शाखा प्रबंधक की सेवा अवधि दो वर्ष के लिए बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि समिति में अन्य अनुभवी व्यक्ति उपलब्ध नहीं होने के कारण यह निर्णय लिया गया। जनरल मैनेजर बोले – मेरी जानकारी में ऐसा रखना समझ से परे वहीं इस मामले में जनरल मैनेजर के.के. सोनी ने कहा कि उनकी जानकारी में सेवानिवृत्त कर्मचारी को इस प्रकार पद पर बनाए रखना समझ से परे है। उन्होंने संकेत दिए कि मामले की जानकारी लेकर आवश्यक प्रक्रिया देखी जाएगी।

## मुंडारा के श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में 17 मई से प्रारंभ होगी श्रीमद् भागवत कथा

**सिवनी नवभारत।** जिले के गोपालगंज के समीप वैनगंगा उद्गम स्थल मुंडारा में पटवा लखेरा समाज सिवनी द्वारा 17 से 24 मई तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ व वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया है। समाज के प्राचीन श्रीराधा कृष्ण मंदिर के द्वितीय जीर्णोद्धार व सौन्दर्यीकरण का कार्य दानदाताओं के सहयोग से पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह पुनीत आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में योग सम्राट आचार्य महेंद्र मिश्र के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक संगीतमय भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। आयोजन का शुभारंभ 17 मई रविवार को दोपहर 2 बजे भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ होगा। 24 मई रविवार को सुबह 9 बजे से हवन, पूर्णाहूति व विशाल महाप्रसाद (भंडारे) का आयोजन किया जाएगा। कथा समापन अवसर पर 24 मई को ही दोपहर 2 बजे से पटवा लखेरा समाज का प्रांतीय-वार्षिक महोत्सव, प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा।

**सिवनी पुलिस अधीक्षक ने की उद्घोषणा, तीन आरोपी अब भी फरार**

# देवरीटीका लूटकांड के फरार आरोपी जयंत पर इनाम घोषित

**सिवनी नवभारत।** थाना धनौरा अंतर्गत ग्राम देवरी टीका में 17 सितंबर 2025 को हुई चर्चित लूट की घटना को साढ़े सात माह से अधिक समय बीत चुका है। मामले में पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में फरार आरोपी जयंत डेहरिया पर सिवनी पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। जानकारी के अनुसार, इस मामले में कुल 14 आरोपियों को नामजद किया गया था, जिनमें से 11 आरोपी वर्तमान में जमानत पर हैं। वहीं रामकृष्ण डेहरिया, सुरेश डेहरिया एवं जयंत डेहरिया अभी भी फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।

उल्लेखनीय है कि मामले में आरोपी जनपद सदस्य अमान सिंह शिववेदी करीब सात माह तक फरार रहे थे। उन पर भी जिला पुलिस अधीक्षक सिवनी द्वारा इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने उन्हें 14 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया था, जहां से उन्हें लखनादौन जेल भेज दिया गया था। बाद में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 6 मई 2026 को उनकी जमानत याचिका स्वीकार कर ली गई, जिसके बाद 7 मई 2026 को अमान सिंह शिववेदी की लखनादौन जेल से रिहाई हो गई।



यहाँ यह बताना भी लाजिमी होगा कि उक्त मामले के फरियादी प्रदीप दुबे द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका दायर की गई थी। मामले में 7 अप्रैल 2026 को सुनवाई करते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने पुलिस विभाग को 16 अप्रैल तक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद 8 अप्रैल 2026 को तत्कालीन पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता द्वारा अमान सिंह शिववेदी एवं जयंत डेहरिया पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। तत्पश्चात 14 अप्रैल 2026 को अमान सिंह शिववेदी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, जबकि इनामी आरोपी जयंत डेहरिया अब भी पुलिस गिरफ्त से बाहर बताया जा रहा है।

पुलिस विभाग ने आमजन से फरार आरोपियों के संबंध में सूचना देने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी।

### इनका कहना है

पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले के आरोपी अमान सिंह एवं जयंत डेहरिया पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। अमान सिंह की गिरफ्तारी हो चुकी है। जयंत डेहरिया की सूचना देने वाले व्यक्ति को पुरस्कृत किया जाएगा।

**के.पी. धुर्वे, मामले के विवेचक एवं टीआई लखनादौन**

# सिद्धू हासिपटल में 500से अधिक मरीजों का फ्री उपचार

**सिवनी नवभारत।** मानव सेवा ही सच्ची सेवा है।,इस बात को चरितार्थ करते हुए सिंधु हासिपटल के संचालक डांजी एस सिधु ने अपने हासिपटल के दो साल पूर्ण होने पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। इसमें500से अधिक मरीजों नै इस शिविर में लाभ लिया। नागपुर से आए डॉ चादंनी कोडवानी ने कहा कि यह शिविर में मैंने बहुत मरीजों को देखा है, यहां आकर मुझे बहुत अच्छा लगा।मरीजों को निशुल्क जांच का लाभ मिला।



नागपुर से आए डाकटर डां गोविंद कोडवानी, डॉक्टर रितेश नौवखरे डॉ जितेंद्र जायसवानी डॉ रौनक तायवडे, डॉक्टर अमित अग्रवाल डॉ चेतन्य, देशमुख डॉ चांदनी होतवानी डां रूपेश अग्रवाल सहित समस्त स्टाफ नेजांच की।इस दौरान मरीजों की निशुल्क सोनोग्राफी,एवं अनय जांच की गयी।इस शिविर में सिवनी के डाक्टरों का विशेष योगदान रहा ।

## भूतपूर्व सैनिकों का मासिक सैनिक सम्मेलन 11 मई को

**सिवनी।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि भूतपूर्व सैनिकों, एवं उनके आश्रितों के लिए ''मासिक सैनिक सम्मेलन'' का आयोजन दिनांक 11 मई को प्रात: 11:30 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, ज्यारत नाका अकबर वार्ड, सिवनी में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं आश्रितों को सूचित किया जाता है कि वे इस सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित विषयों पर चर्चा कर सकते हैं।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस में आज मानव सेवा से जुड़ने की शपथ ले : डीईओ कुमरे

**सिवनी।** जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष सिवनी के मार्गदर्शन में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, जिला सिवनी द्वारा, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी म.प्र.राज्य शाखा भोपाल से प्राप्त पत्रानुसार, जिले में रेडक्रॉस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है इसी कभारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एवं जिला शिक्षा अधिकारी के संयुक्त तत्वावधान में 08 मई 2026 को. स्थानीय नेताजी सुभाष हायर सेकेंड्री स्कूल में विश्व रेडक्रास दिवस का आयोजन किया गया।

आयोजन का शुभारंभ श्री एस.एस.कुमरे जिला शिक्षा अधिकारी, श्री आरपी पाटिल स.संचालक, श्री अरुण राय सचिव रेडक्रास, श्रीमती राजेश्वरी धुर्वे प्राचार्य द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर सर हेनरी डूनाट के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात श्री प्रदीप हनवत जिला समन्वयक जूनियर रेडक्रास द्वारा रेडक्रास गीत प्रस्तुत किया गया। संचालन कर रहे श्री अनंत मिश्रा सर द्वारा रेडक्रास की गतिविधियों एवं पचमडी मे आयोजित शिविर को प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में उपस्थित श्री तरुण कुमार एक्स आर्मी मेन, श्री गणेश मनसारे पीजी कालेज, श्री रामदीन भलावी कन्या कालेज, श्रीमती सविता गौतम राष्ट्र सेविका समिति,द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गये। श्री अरुण राय ने उद्बोधन में कहा कि किस तरह एक व्यापारी व सामाजिक कार्यकर्ता ने1859 में एक इटली की यात्रा के दौरान19 वीं सेंचुरी का भीषण युद्ध को देखा जिसमे सिर्फ 15घण्टे के युद्ध में घायल हुए 40000 लोगों के इलाज, सेवा करते रहे और वापिस जेनेवा आकर अपनी किताब ए मेमोरी आफ सेल्फीरेनो में युद्ध की विभीषिका का वर्णन लिखा जिस पर जेनेवा में 1863 में प्रस्ताव पास हुआ और भारतीय संसद में 1920 को आईआरसीएस एक्ट तब से भारतीय रेडक्रॉस प्रारंभ हुआ। श्री एस एस कुमरे जिलाशिक्षा अधिकारी सिवनी ने अपने उदबोधन में सभी कालेज स्कूल के शिक्षक, विद्यार्थी रेडक्रॉस से जुडकर मानव सेवा के कार्य में अधिक से अधिक योगदान देवें श्री कुमरे ने आगे कहा कि राज्य ईकाई के निर्देश अनुसार जिला रेडक्रॉस सोसायटी के समन्वय से आगामी दिनों में केलेंडर अनुसार कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। श्री आर पी पाटिल ने भी रेडक्रास के महत्व पर प्रकाश डाला तत्पश्चात रेडक्रॉस की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कालेज, स्कूल के शिक्षको, विद्यार्थियों, आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जिला रेडक्रास सोसायटी सिवनी की ओर से श्री एस एस कुमरे द्वारा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में श्री अनूप मिश्रा, डॉ. बसंत राय, श्री परमांनद बैस,श्री तरुण श्रीवास्तव, श्री अनुराग तिवारी, श्री शैलेश साहू, राजकिशोर दुबे, श्रीमती अकीला खान, श्रीमती फरजाना, श्री अनिल पलवार, श्री बिसेन, श्री देवेंद्र ठाकुर, श्रीमती माधुरी दुबे, श्रीमती वर्षा तिवारी, प्रोफेसर टी पी सेगर, प्रोफेसर सुमित सनोडिया, प्रोफेसर अल्का मिश्रा सहित शासकीय पीजीकालैज, कन्या कालेज, डीपी चतुर्वेदी कालेज, एम एल बी स्कूल, उत्कृष्ट स्कूल, सांदिपनी स्कूल, नेताजी सुभाष स्कूल, कन्या मठ मंदि स्कूल,नवीन कन्या हास्टल, बालक हास्टल, तिलक हाई स्कूल, उर्दू हायर सेके.स्कूल के रेडक्रास प्रभारी शिक्षक एवं छात्र-छात्राए एवं आगंनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे अंत मे स्वल्पाहार कराया गया एवं प्राचार्य श्रीमती राजेश्वरी धुर्वे द्वारा आभार व्यक्त किमा गया।



# पटवा समाज का प्रतिनिधिमंडल विधायक योगेंद्र से मिला

**सिवनी नवभारत।** पटवा समाज कल्याण बोर्ड के गठन के लिए लखनादौन विधायक योगेन्द्र सिंह ठाकुर के गृह निवास घूरवाडा पर श्री अखिल भारतीय पटवा समाज के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की, जिसमें राजेश लखेरा(पटवा) प्रांतीय मिडिया प्रभारी, लेखराम लखेरा पटवा घूरवाड़ा वरिष्ट समाज सेवी,राजेन्द्र पटवा नगर अध्यक्ष लखनादौन, सतेंद्र लखेरा(पटवा) उपाध्यक्ष, नीलेश लखेरा(पटवा) सह सचिव, संतोष पटवा धूमा, सचिन लखेरा(पटवा)प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पटवा समाज समिति के सभी सदस्यों द्वारा पटवा समाज कल्याण बोर्ड के गठन के लिए ज्ञापन सौंपा गया जिसमे विधायक योगेन्द्र ने तत्काल मुख्यमंत्री मोहन यादव जी के लिए पत्र प्रेषित किया एवं उनके द्वारा उसकी प्रति हमें प्रदान की गई, ज्ञापन कार्यक्रम के बाद प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल भी विधायक निवास में आए जिन्हें भी पटवा समाज के सभी सदस्यों ने पटवा कल्याण बोर्ड के गठन के संदर्भ में चर्चा की। समाज के लेटर पेड पर वर्तमान में संचालित सामाजिक गतिविधियों और पटवा समाज उत्थान कार्यों का विवरण साझा किया। चर्चा का मुख्य केंद्र पटवा समाज के सर्वांगीण विकास के लिए एक समर्पित पटवा कल्याण बोर्ड का गठन पर विशेष ध्यान आकर्षित कराया गया। विधायक योगेंद्र सिंह ने समाज की मांग पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि वे इस विषय में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर बोर्ड गठन की अनुशंसा करेंगे।



## भाजपा कार्यालय में बैठक 9 को

**सिवनी।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सिवनी में शनिवार 9 मई 2026 को संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की जाएंगी। जिला भाजपा मीडिया विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि दोपहर 2:00 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग के संबंध में प्रशिक्षण प्रबंधन टोली की बैठक आयोजित होगी। बैठक में प्रशिक्षण प्रभारी एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बालाघाट सत्यनारायण अग्रवाल तथा भाजपा जिलाध्यक्ष मीना बिसेन उपस्थित रहेंगे।

**आयोजन**

**सुबह से पत्रकारों के बच्चों ने किया वाटर पार्क में इंजॉय, मुख्य अतिथि विधायक दिनेश राय मुनमुन ने बढ़ाया विद्यार्थियों का उत्साह**

# प्रेस क्लब ऑफ द्वारा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न

**सिवनी नवभारत।** प्रेस क्लब ऑफ सिवनी (प्रेस एसोसिएशन सिवनी) द्वारा पत्रकार साथियों के मेधावी बच्चों के सम्मान में स्थानीय द ग्रैंड रजवाड़ा होटल में भव्य सम्मान समारोह एवं मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शील्ड, स्कूल बैग एवं पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम में शहर के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ पत्रकारों एवं समाजसेवियों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामयी बना दिया।



सिवनी में आयोजित इस सम्मान समारोह की शुरुआत सुबह 09 बजे से हुई, जहां पत्रकार साथियों के बच्चों ने वाटर पार्क में स्विमिंग एवं मनोरंजन गतिविधियों का आनंद लिया। इसके बाद मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान बरगी डैम में हुई हृदय विदारक घटना में मृत लोगों एवं प्रेस क्लब ऑफ सिवनी के सदस्य पत्रकार स्वर्गीय राकेश दुबे की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इसके उपरांत उपस्थित अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान पत्रकार साथियों द्वारा किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित माननीय श्री दिनेश राय मुनमुन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ज्ञानचंद सनोडिया, सुजीत जैन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री विशाल मर्सकोले उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने प्रेस क्लब द्वारा किए जा रहे इस सामाजिक एवं प्रेरणादायी प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकारिता समाज का आईना है और पत्रकारों के परिवारों के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

समारोह में वरिष्ठ पत्रकार श्री संजय सिंह, सोनू गुप्ता, मनोज मर्दन त्रिवेदी, सूर्य प्रकाश विश्वकर्मा तथा वरिष्ठ व्यवसायी एवं समाजसेवी श्री मनीष अग्रवाल पांड्या विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने, लक्ष्य निर्धारित करने एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

प्रेस क्लब ऑफ सिवनी द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह को सफल बनाने में अध्यक्ष अयोध्या विश्वकर्मा, सचिव राजेन्द्र पिंटू तरवरे, उपाध्यक्ष अब्दुल काबिज खान, उपाध्यक्ष विनोद दुबे, कोषाध्यक्ष संजीव क्रीडिया, सहसचिव अभिनव जैन , लेखाधिकारी शुभम सोनी एवं पत्रकार साथी रूपेश कोहरू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का प्रभावी मंच संचालन श्रमजीवी पत्रकार परिषद सिवनी के अध्यक्ष शरद दुबे एवं प्रेस क्लब ऑफ सिवनी के उपाध्यक्ष अब्दुल काबिज खान द्वारा किया गया।

### मेधावी बच्चों का सम्मान

कार्यक्रम में पत्रकार साथियों के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया, जिनमें अलवीरा खान, शिवम चौरसिया, आस्था क्रीडिया, मोंटी नागफासे, आंचल मिश्रा, सत्यम ठाकुर, आलिया कौशर, आर्यव बौद्ध, रुची पाठक एवं वीर सिंह शामिल रहे। सभी विद्यार्थियों को शील्ड, स्कूल बैग एवं पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया साथ ही यूपीएससी में चयनित श्रीमती सीमा रूपेश कोहरु कोसम्मानित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई।

समारोह के अंत में प्रेस क्लब ऑफ सिवनी की पूरी टीम द्वारा उपस्थित अतिथियों, पत्रकार साथियों एवं बच्चों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम पूरे समय उत्साह, प्रेरणा एवं पारिवारिक सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ।

# खाटू श्याम मंदिर के लिए विधायक मुनमुन की सौगात

**तोरण द्वार हेतु 10 लाख व ओपन जिम स्वीकृत 15 से 17 तक जून प्राण प्रतिष्ठा, श्याम परिवार समिति ने माना विधायक का आभार**

**सिवनी नवभारत।** श्याम परिवार समिति के सदस्यों ने मंगलवार को सिवनी के लोकप्रिय विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन से सौजन्य भेंट की। इस दौरान समिति अध्यक्ष श्री मनीष अग्रवाल ने विधायक का श्रीफल एवं दुपट्टे से स्वागत किया, वहीं भाजपा जिला महामंत्री श्री संतोष अग्रवाल का स्वागत श्री संजय मोदी द्वारा किया गया।

बैठक में समिति ने खाटू श्याम मंदिर के निर्माण एवं विस्तार कार्यों की विस्तृत जानकारी विधायक को दी, जिसकी उन्होंने सराहना की। साथ ही आगामी 15, 16 एवं 17 जून को आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में विधायक को आमंत्रित किया गया। विधायक श्री मुनमुन ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक ने मंदिर के तोरण द्वार निर्माण के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की तथा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु ओपन जिम स्थापित करने की घोषणा भी की। उन्होंने भविष्य में भी हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान सत्यनारायण अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, संजय मोदी, शैलेश अग्रवाल, सुनील ठाकुर, कान्हा अग्रवाल, जितेंद्र गोयल, गंगाधर पाराशर, शुभम ठाकुर एवं रितेश खेमुका सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



अंत में श्याम परिवार समिति ने विधायक मुनमुन के प्रति आभार व्यक्त किया।जिससे लोगों को राहत मिली है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पंचायत और ग्रामीणों के हित को देखते हुए वर्तमान अतिरिक्त प्रभार सचिव अरुण शांडिल्य को ही यथावत रखा जाए, ताकि विकास कार्य लगातार जारी रह सकें और आम लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।